ज्ञान दर्पण सहस्त्री

फूलचंद

करुणा सागर आध्यात्मिक मार्गदर्शक फूलचंद ने संपूर्ण पृथ्वी पर किसी भी प्रकार के भेदभाव बिना हजारों घंटे के प्रवचनों एवं अनेक पुस्तकों के माध्यम से समस्त जीवों को निज शुद्धात्मा का परिचय दिया है। आप स्वयं को देहरुपी राख की दीवार का पड़ोसी मानते हैं और मोक्षमार्ग का मुसाफिर जानते हैं। आपके ऑडियो–विडियो प्रवचन एवं साहित्य www.fulchandshastri.com एवं ASK UMARALA YouTube Channel पर उपलब्ध हैं। आपके प्रवचन विविध टेलिविजन चैनलों पर प्रतिदिन प्रसारित होते हैं।

प्रत्येक आत्मा में आत्मानुभूति एवं अतीन्द्रिय आनंद प्रकट करने का सामर्थ्य है। फूलचंद भावना भाते हैं कि उनके इस पृथ्वी से अलविदा होने से पहले १४२ ज्ञान दीपक प्रज्वलित हों, फिर १४२ ज्ञान दीपकों की परम्परा से ४१५ ज्ञान दीपक, ४१५ ज्ञान दीपकों की परम्परा से १ लाख ज्ञान दीपक और १ लाख ज्ञान दीपकों की परम्परा से अनंत ज्ञान दीपक प्रज्वलित हों। जो आत्मखोजी मिथ्यात्व एवं अज्ञानरुपी अंधकार से मुक्त होना चाहते हों, वे फूलचंद की प्रज्वलित ज्ञानज्योति के सानिध्य में रहकर अपनी भी ज्ञानज्योति प्रज्वलित कर सकते हैं। जीवन के इस अपूर्व एवं अमूल्य अवसर का लाभ लेकर ज्ञान दीपक! प्रज्वलन आत्म साधना का शुभारंभ करने हेतु आध्यात्मिक साधना केन्द्र, उमराला में हार्दिक स्वागत है।

ज्ञान दर्पण सहस्त्री



रचयिता
फूलचंद

प्रकाशक
आध्यात्मिक साधना केन्द्र - उमराला

प्रथम आवृत्ति : 7 जून 2019

प्रत : 3000

प्रकाशक :
आध्यात्मिक साधना केन्द्र - प्रधान केन्द्र
पूज्य गुरुदेव श्री कानजीस्वामी प्रवचन हॉल,
चोगठ रोड़, उमराला, जि. भावनगर (गुजरात)
Website : www.fulchandshastri.com
E-mail : ask@fulchandshastri.com
YouTube : ASK UMARALA
: +91 9624446142
: Gyaan Deepak Prajwalan Atma Sadhana

प्राप्ति स्थान :
आध्यात्मिक साधना केन्द्र - प्रधान केन्द्र
पूज्य गुरुदेव श्री कानजीस्वामी प्रवचन हॉल,
चोगठ रोड़, उमराला, जि. भावनगर (गुजरात)
किशोरभाई जैन : +91 2843235202/03
धर्मेन्द्रभाई जैन : +91 9898245201

टाईप सेटिंग एवं मुद्रक : प्रिन्ट-ओ-फास्ट
ब्रह्मपुरी, लुधियाना (पंजाब) — 141008.
फोन : +91-9872130555, 161-4061555
E-mail : printofastludhiana@gmail.com

चैतन्य स्वभावी निज शुद्धात्मा को
श्रद्धान में टंकोत्कीर्ण करके
परिणति की निर्मलता को उपलब्ध
समस्त सम्यग्दृष्टी ज्ञानी धर्मात्माओं को

सविनय समर्पित

प्रस्तावना

''ज्ञान दर्पण सहस्त्री'' यह पुस्तक नहीं, बल्कि शास्त्र है। ज्ञान दीपक प्रज्वलित करके अनादिकालीन मिथ्यात्वरूपी घने अंधकार को दूर करने में अत्यंत उपकारी शास्त्र है।

इस अद्भुत कृति के विषय में अथवा तो ये जिनके अगाध गंभीर ज्ञान का अंशमात्र है, उन परम कृपालु गुरुदेव श्री फूलचंद जी के विषय में कुछ भी कहना तो ऐसा हास्यास्पद दुस्साहस है जैसे कोई अन्धा किसी आँख वाले के लिये कुछ कहे। फिर भी भक्ति भरे हम ज्ञान दीपकों के हृदय ये दुस्साहस करने को मजबूर कर रहे हैं। स्वयं गुरुदेव श्री फूलचंद जी के शब्दों में – ''जब तक आत्मा में ज्ञान भरपूर है ऐसा विकल्प रहता है, तब तक भी आत्मा का अनुभव होता नहीं। आत्मा में ज्ञान नहीं, परन्तु आत्मा ही ज्ञानमय है, गुण–गुणी का भेद छूटते ही आत्मा का अखण्ड, अभेद, नित्य, एक स्वरूप सहज ही अनुभव में आता है।''

बस इसी सहज अनुभूति, स्वरूप की जागृति तक पहुँचाने वाली यह ज्ञान दर्पण सहस्त्री एक ऐसी अपूर्व, अद्भुत, अलौकिक, अनुपम कृति है, जो हम पामर पिपासु जीवों के लिये ''तीन भुवन में सार वीतराग–विज्ञानता'' का निरूपण करने वाली है। ज्ञानी गुरुवर का विशाल, गहन, गम्भीर श्रुतज्ञान, जो केवलज्ञान से बातें करता है; उसके एक अंश की झलक है, जो सुपात्र जीवों को भवसागर से पार उतारने वाली तरणी है, नौका है। कृपालु गुरुदेव के अगाध ज्ञान की महिमा जगाने वाली है; अंततः स्वयं की महिमा जगाने वाली है। क्योंकि प्रत्यक्ष दिखती अस्ति की मस्ती में कौन डूबना न चाहेगा?

ज्ञानी के श्रुतज्ञान की प्रतिसमय की पर्याय एक नय है। एक सेकण्ड में असंख्य समय होते हैं और असंख्य समयों में असंख्य पर्यायें पलटती हैं और असंख्य पर्यायों में असंख्य नय। आपश्री ने बताया कि कुछ ही क्षणों में

ये सहस्त्र उदाहरण आपके ज्ञान में सहज ही आ गये। तब विचारणीय है, आपके अनुपम, अद्‌भुत, अपार ज्ञान की महिमा ! आपश्री के चिंतन की गहराइयाँ, जहाँ से उद्‌भूत यह माखन, आपने इस ग्रंथ में परोसा है। आपश्री के अंतरंग की उत्तरोत्तर वृद्धिंगत, तेजी से स्वरूप की ओर दौड़ती–ढलती परिणति जिसमें से बाहर निकलना भी सुहाता नहीं है; तब फिर बाहर आ जाते हैं, तो हम अबोध जीवों को बोधित करने हेतु अत्यंत करुणा से पुकार उठती है, ''हे ज्ञान दीपक ! हे चैतन्य परमात्मा ! भावों से भींगकर सुनो और प्रयोग करो। तुम मेरे साथ–साथ यात्रा करो। यहाँ ठहरने जैसा कुछ भी नहीं है। मैं तो यात्री हूँ। सिद्धपुर पहुँचने से पहले अपने पुराने साथियों की मुलाकात लेने आया हूँ। यह तो स्टेशन है, डेस्टिनेशन नहीं। समय अत्यंत अल्प है, तुम थोड़ा जल्दी करो ! मेरे साथ यात्रा करो !''

इस अनमोल कृति में आपश्री ने लौकिक दर्पण संबंधी सहस्त्र दृष्टांतों के माध्यम से ज्ञान दर्पण को समझाया है। ज्ञान दर्पण अर्थात् जीव, हाँ, प्रत्येक जीव एक ज्ञान दर्पण है। हम सबको लौकिक दर्पण का तो परिचय ही नहीं, अनुभव भी है। तो बस ! इसी दर्पण को जानने वाला ज्ञान दर्पण है, वही मैं हूँ। मुझे अपनी महिमा आ जाये, तो मैं ही ज्ञान दीपक हूँ और मुझे मेरी महिमा बताने वाला, मुझमें मेरी ही महिमा जगाने वाला यह ग्रंथ है, जिसमें परम कृपालु गुरुदेव श्री ने अपने प्राण भरे हैं।

कम्प्यूटर पर टाईप करते–करते उंगलियाँ सूज गईं, पर करुणार्द्र हृदयी आपश्री को रचना होने तक ख्याल भी न आया। कैसी है ये जगत के समस्त जीवों के प्रति ज्ञानी की अकारण करुणा ! कैसी अद्‌भुत यह स्व की अस्ति की मस्ती !

इसी दौरान बीच में तबियत बिगड़ी; खून की उल्टी हुई तो सामने लगा दर्पण खून लगने से लाल हो गया, परंतु आपश्री का अपने देह की स्थिति की ओर तो ध्यान ही न गया और विचार चला, ''खून तो अंदर निरंतर दौड़ता है, पर ध्यान नहीं जाता; बाहर निकला तो ध्यान गया –

अरे रे ! देखो कितना खून ! ऐसे ही प्रत्येक जीव के अंतर में निरंतर बहता सहज ज्ञान का प्रवाह है। प्रत्येक जीव एक ज्ञान दर्पण है, परंतु निर्विकल्प अनुभूति प्रकटे बिना इसे अपनी महिमा ही नहीं आती।''

अपने इसी निरंतर प्रवाहित ज्ञान की महिमा जीव मात्र को प्रकट हो, यह सहज धारा और उस धारा का उद्गम स्थल – यह चैतन्य सत्ता; इसका बोध जगत के सभी जीवों को हो, ऐसे कारुण्य रस में भीगकर एक हजार दृष्टांतो सहित इस ग्रंथ की रचना हुई है। ज्ञात से अज्ञात की यात्रा, दर्पण से ज्ञान दर्पण की यात्रा, ज्ञान को जानकर सहज स्वरूप में ढल जाने की यात्रा सहज, सुगम, सरल हो और सभी ज्ञान दीपक इस शास्त्र के दृष्टांतों से स्वयं में स्वयं को प्राप्त होकर, प्रज्वलित ज्ञान दीपक होकर, अनंत ज्ञानियों की दीप से दीप प्रज्वलित करने की परम्परा को आगे बढ़ाकर स्वयं सिद्ध हो जायें, इस पावन भावना से ही इस ग्रंथ की रचना कृपालुदेव ने की है।

दर्पण के माध्यम से अनादि काल से भूले हुए ज्ञान दर्पण को एक हजार विभिन्न दृष्टांतों से तुलनात्मक अध्ययन करके अत्यंत स्पष्ट रूप से चित्रित ही कर दिया है। प्रथम १ से २७८ दृष्टांतों में अस्ति–अस्ति के रूप में, २७९ से ३६० तक ८२ दृष्टांतों में अस्ति–नास्ति के रूप में, ३६१ से ४२० तक ६० दृष्टांतों में नास्ति–अस्ति के रूप में, ४२१ से ८०६ तक ३८६ दृष्टांतों में नास्ति–नास्ति के रूप में, ८०७ से ८५७ तक ५१ दृष्टांतों में विशेष रूप से, ८५८ से १००० तक १४३ दृष्टांतों में ज्ञान दीपक लक्षण के माध्यम से ज्ञान दर्पण का स्वरूप समझाया गया है।

भावों से भीगकर इस शास्त्र का अध्ययन करने पर अनादि काल की भटकन से थके हुए मुक्ति के लिए तरसते, छटपटाते सुपात्र जीवों को स्वरूप की प्राप्ति हुए बिना न रहेगी। कृपालु देव श्री फूलचंद जी द्वारा रचित इस शास्त्र का विचारपूर्वक गहराई से अध्ययन करके सभी जीव स्व की अस्ति की मस्ती को उपलब्ध हों, यही मंगल भावना है।

– १४२ ज्ञान दीपक !

ज्ञान दर्पण सहस्त्री

अस्ति-अस्ति अधिकार

१.	दर्पण उदाहरण है।	ज्ञान दर्पण स्वरूप है।
२.	दर्पण में नेत्र का प्रतिबिम्ब पड़ता है, परन्तु दर्पण और नेत्र दोनों स्वतंत्र है।	ज्ञान दर्पण में दृष्टि का प्रतिबिम्ब पड़ता है, परन्तु ज्ञान दर्पण और दृष्टि दोनों स्वतंत्र है।
३.	दर्पण साथी है।	ज्ञान दर्पण स्व है।
४.	दर्पण का स्वभाव स्वच्छता है।	ज्ञान दर्पण का स्वभाव स्वच्छता है।
५.	भवन की छत के मध्य में लटके हुए गोल दर्पण में सारा भवन प्रकाशित होता है।	केवल ज्ञान दर्पण में सम्पूर्ण लोकालोक प्रकाशित होता है।
६.	दर्पण के आश्रय से मेक–अप होता है।	ज्ञान दर्पण के आश्रय से अज्ञानी जीव का जीवन परिवर्तित (मेक–अप) हो जाता है।
७.	दर्पण में अस्ति का ही प्रतिबिम्ब पड़ता है।	ज्ञान दर्पण में अस्ति एवं नास्ति दोनों के प्रतिबिम्ब पड़ते हैं।
८.	इन्द्रिय सुख के लक्ष्य से ही दर्पण को बनाया गया है।	अतीन्द्रिय सुख के लक्ष्य से ही ज्ञान दर्पण को बताया गया है।
९.	गर्भवती माता दर्पण में प्रतिबिम्बित होती है।	गर्भवती माता एवं गर्भ में रहने वाला बच्चा दोनों ज्ञान दर्पण में प्रतिबिम्बित होते हैं।
१०.	दर्पण छोटा हो या बड़ा हो, पदार्थों को प्रतिबिम्बित करने का उसका स्वभाव नित्य है।	संसारी आत्मा का ज्ञान दर्पण हो या मुक्त आत्मा का, ज्ञेयों को जानने का उसका स्वभाव नित्य है।
११.	दर्पण न्यायोचित होता है।	ज्ञान दर्पण न्यायोचित होता है।

१२. दर्पण को साफ करने के लिये कागज निमित्त है।	ज्ञान दर्पण को साफ करने के लिये शास्त्र निमित्त है।
१३. दीपक की ज्योति प्रज्वलित होते ही दीपक ही नहीं, समस्त पदार्थ दर्पण में प्रतिबिम्बित होते दिखाई देते हैं।	ज्ञान दीपक की चैतन्य ज्योति प्रज्वलित होते ही ज्ञान दीपक ही नहीं, लोकालोक ज्ञान दर्पण में प्रतिबिम्बित होते दिखाई देते हैं।
१४. दर्पण अयोगी है।	ज्ञान दर्पण अयोगी है।
१५. दर्पण पूरण–गलन स्वभावी है।	ज्ञान दर्पण स्वभाव से परिपूर्ण है।
१६. दर्पण के किसी प्रदेश पर पदार्थ के किसी भाग का प्रतिबिम्ब पड़ता है।	ज्ञान दर्पण के समस्त प्रदेशों पर पदार्थ का प्रतिबिम्ब पड़ता है।
१७. संख्यात प्रदेशी दर्पण में असंख्यात पदार्थ प्रतिबिम्बित हो सकते हैं।	असंख्यात प्रदेशी ज्ञान दर्पण में अनंत ज्ञेय प्रतिबिम्बित हो सकते हैं।
१८. दर्पण कारखाने में से बाहर निकलते हैं।	ज्ञान दर्पण निगोद में से बाहर निकलते हैं।
१९. दर्पण महल तक पहुँच जाते हैं।	ज्ञान दर्पण मोक्ष महल तक पहुँच जाते हैं।
२०. दर्पण सीमंधर है।	ज्ञान दर्पण सीमंधर है।
२१. दर्पण अजीव है।	ज्ञान दर्पण जीव है।
२२. दर्पण को लगातार देखने पर मनुष्य पागल हो सकता है।	ज्ञान दर्पण को लगातार देखने पर जीव के पाप गल सकते हैं।
२३. जिसने दर्पण को देखा, उसने अपने पड़ोसी को देखा।	जिसने ज्ञान दर्पण को देखा, उसने स्वरूप को देखा।
२४. देवालय में दर्पण होता है।	देह देवालय में ज्ञान दर्पण होता है।

२५. अन्य पदार्थों की तरह धूल भी दर्पण में प्रतिबिम्बित ही होती है।	अन्य ज्ञेयों की तरह रागादि भाव भी ज्ञान दर्पण में प्रतिबिम्बित ही होते हैं।
२६. दर्पण सदैव स्वस्थ होता है।	ज्ञान दर्पण सदैव स्वस्थ होता है।
२७. दर्पण पर श्रद्धा न हो, तो दर्पण को देखने का प्रयोजन क्या?	ज्ञान दर्पण पर श्रद्धा न हो, तो ज्ञान दर्पण को जानने का प्रयोजन क्या?
२८. अपने दर्पण में प्रतिबिम्बित होने वाले पदार्थों का मालिक स्वयं को मानना अपराध है।	अपने ज्ञान दर्पण में प्रतिबिम्बित होने वाले ज्ञेयों का स्वामी स्वयं को मानना अपराध है।
२९. दर्पण में सिर्फ वर्ण का प्रतिबिम्ब पड़ता है।	ज्ञान दर्पण में लोकालोक झलकता है।
३०. पदार्थ न होता, तो दर्पण में ऐसी अवस्था नहीं होती, यह मान्यता झूठी है।	ज्ञेय न होता, तो ज्ञान दर्पण में ऐसी अवस्था नहीं होती, यह मान्यता झूठी है।
३१. खण्डित दर्पण में पदार्थ अनेकरूप प्रतिबिम्बित होते हैं।	खण्ड-खण्डरूप क्षयोपशम ज्ञान दर्पण में भेदरूप ज्ञेय ही जानने में आते हैं।
३२. दर्पण की अवस्था में दर्पण का परिणमन है।	ज्ञान दर्पण की अवस्था में ज्ञान दर्पण का परिणमन है।
३३. दर्पण को प्रतिक्षण सम्भालकर ध्यान से रखते हैं।	ज्ञानी प्रतिक्षण ज्ञान दर्पण का ध्यान करते हैं।
३४. भामंडल के दर्पण में भव्य जीवों को सात भव दिखाई देते हैं।	ज्ञान दर्पण में भव्य जीवों को स्वरूप का ज्ञान होता है।
३५. दर्पण पर लगी धूल दर्पण के लिये परद्रव्य है।	ज्ञान दर्पण पर लगी रागादि भावों की धूल ज्ञान दर्पण के लिये परभाव है।

३६. पत्नी बार–बार दर्पण में देखती है, तो घर में पति के साथ विवाद होता है।	पर्याय बार–बार ज्ञान दर्पण में देखती है, तो आत्मा समस्त विवादों से मुक्त होता है।
३७. अज्ञानी को दर्पण में दृश्य दिखाई देने पर भी दर्पण की स्वच्छता की प्रतीति रहती है।	ज्ञानी को ज्ञान दर्पण में दृश्य दिखाई देने पर भी ज्ञान दर्पण की स्वच्छता की प्रतीति रहती है।
३८. दर्पण शब्दों से पार है।	ज्ञान दर्पण शब्दों से पार है।
३९. दर्पण प्रामाणिक है।	ज्ञान दर्पण प्रामाणिक है।
४०. दर्पण उस किनारे पर है।	ज्ञान दर्पण इस किनारे पर है।
४१. दर्पण में मार्ग प्रतिबिम्बित होता है।	ज्ञान दर्पण में मोक्षमार्ग प्रतिबिम्बित होता है।
४२. दर्पण को देखा कि मिरर को देखा।	ज्ञान दर्पण को देखा कि मीरा को कोई और देखा अर्थात् पर्याय को पराया देखा।
४३. दर्पण देखोगे तो प्रेमी का स्मरण होगा।	ज्ञान दर्पण देखोगे, तो परमात्मा का अनुभव होगा।
४४. दर्पण देखने से किसी की याद आती है।	ज्ञान दर्पण देखने से याद ही मिट जाती है।
४५. दर्पण के पीछे लगी पतली परत हट जाये, तो दर्पण कांच हो जाता है।	ज्ञान दर्पण के साथ लगी विकार की परत हट जाये, तो जीवन कांच की भांति पारदर्शक हो जाता है।
४६. दर्पण में चार अक्षरों का राज है।	ज्ञान दर्पण में छह अक्षरों का राज है।
४७. दर्पण में अक्षर को पढ़ना कठिन है।	ज्ञान दर्पण में अक्षर को पढ़ना सहज है।
४८. शिक्षक दर्पण का ज्ञान देते हैं।	सद्गुरु ज्ञान दर्पण का ज्ञान देते हैं।

४९. दर्पण में पलटकर भी नहीं पलटने का स्वभाव होता है।	ज्ञान दर्पण में पलटकर भी नहीं पलटने का स्वभाव होता है।
५०. दर्पण में नहीं पलटकर भी पलटने का स्वभाव होता है।	ज्ञान दर्पण में नहीं पलटकर भी पलटने का स्वभाव होता है।
५१. दर्पण में बेचने की क्रिया ही प्रतिबिम्बित होती है।	ज्ञान दर्पण में बेचने की क्रिया एवं विकल्प दोनों प्रतिबिम्बित होते हैं।
५२. दर्पण में खरीदने की क्रिया ही प्रतिबिम्बित होती है।	ज्ञान दर्पण में खरीदने की क्रिया एवं विकल्प दोनों प्रतिबिम्बित होते हैं।
५३. रात्रि के अंधेरे में प्रज्वलित दीपक के प्रकाश से दर्पण में स्वयं का मुख देखते हैं।	कलिकाल की रात्रि के अज्ञान के अंधेरे में प्रज्वलित ज्ञान दीपक के ज्ञान प्रकाश से ज्ञान दर्पण में स्वरूप का दर्शन होता है।
५४. शरीर में दर्पण हो, तो प्राणी की मृत्यु हो जाती है।	शरीर में ज्ञान दर्पण हो, तो प्राणी को जीवन प्राप्त होता है।
५५. दर्पण को लोकेषणा से क्या?	ज्ञान दर्पण को लोकेषणा से क्या?
५६. अनपढ़ भी दर्पण देख सकता है।	अनपढ़ भी ज्ञान दर्पण को देख सकता है।
५७. दर्पण अरागी है।	ज्ञान दर्पण अरागी है।
५८. दर्पण परजात है।	ज्ञान दर्पण स्वजात है।
५९. दर्पण एकाकार होता है।	ज्ञान दर्पण एकाकार होता है।
६०. दर्पण अनेकाकार होता है।	ज्ञान दर्पण अनेकाकार होता है।
६१. पीछे से आ रही दूसरी गाड़ियों को देखने के लिये उत्तल दर्पण का उपयोग होता है।	सिद्धालय में विराजमान होने वाले अनंत भावि सिद्ध ज्ञान दर्पण में प्रतिबिम्बित होते हैं।

६२. दर्पण में सामने देखने पर पीछे की गाड़ियाँ दिखाई देती हैं।	ज्ञान दर्पण में सामने देखने पर भूतकाल की अवस्थायें दिखाई देती हैं।
६३. दर्पण में चाँद को छूना, यह बच्चे की कल्पना है।	ज्ञान दर्पण में संयोग एवं संयोगीभावों का अनुभव करना, यह अज्ञानी की कल्पना है।
६४. एक ही गाड़ी में विभिन्न प्रकार के दर्पणों का संयोग पाया जाता है।	एक ही शरीर में विभिन्न प्रकार के ज्ञान दर्पणों का संयोग पाया जाता है।
६५. दर्पण उदासीन होता है।	ज्ञान दर्पण उदासीन होता है।
६६. धर्मसभा में कोई दर्पण को देखते हैं।	धर्मसभा में कोई ज्ञान दर्पण को देखते हैं।
६७. दर्पण अनित्य है।	ज्ञान दर्पण नित्य है।
६८. स्त्रियों को दर्पण में लीन होने में आनन्द आता है।	आत्मा को ज्ञान दर्पण में लीन होने में सुख प्राप्त होता है।
६९. दर्पण स्वयं कर्त्ता है।	ज्ञान दर्पण स्वयं कर्त्ता है।
७०. दर्पण स्वयं कर्म है।	ज्ञान दर्पण स्वयं कर्म है।
७१. दर्पण स्वयं करण है।	ज्ञान दर्पण स्वयं करण है।
७२. दर्पण स्वयं संप्रदान है।	ज्ञान दर्पण स्वयं संप्रदान है।
७३. दर्पण स्वयं अपादान है।	ज्ञान दर्पण स्वयं अपादान है।
७४. दर्पण स्वयं अधिकरण है।	ज्ञान दर्पण स्वयं अधिकरण है।
७५. दर्पण भटकाता नहीं, अज्ञान भटकाता है।	ज्ञान दर्पण भटकाता नहीं, अज्ञान भटकाता है।
७६. दर्पण क्षणिक के बोध का हेतु है।	ज्ञान दर्पण नित्य के अनुभव का हेतु है।
७७. दर्पण का स्वभाव अधोगमन है।	ज्ञान दर्पण का स्वभाव उर्ध्वगमन है।
७८. गरीब का दिल दर्पण है।	ज्ञान दीपक ज्ञान दर्पण है।

७९. दर्पण दुःखदायक नहीं है, दर्पण की गैरसमझ दुःखदायक है।	ज्ञान दर्पण दुःखदायक नहीं है, ज्ञान दर्पण की गैरसमझ दुःखदायक है।
८०. दर्पण पर लगी धूल दूर हो सकती है।	ज्ञान दर्पण पर लगी कर्मों की धूल दूर हो सकती है।
८१. चंद दूर है, दर्पण हाथ में है।	गुरु दूर हैं, ज्ञान दर्पण हाथ में है।
८२. दर्पण छूकर भी ज्ञानी के लिये अछूता है।	ज्ञान दर्पण न छूकर भी ज्ञानी को छू लेता है।
८३. दर्पण उपवास करता है।	ज्ञान दर्पण उपवास करता है।
८४. दर्पण का संयोग अचेतन संयोग है।	ज्ञान दर्पण का संयोग चेतन संयोग है।
८५. दर्पण का मोल होता है।	ज्ञान दर्पण अनमोल है।
८६. दर्पण परज्ञेय है।	ज्ञान दर्पण स्वज्ञेय है।
८७. दर्पण के किसी विशिष्ट प्रदेश पर विशिष्ट पदार्थ झलकते हैं।	ज्ञान दर्पण के समस्त प्रदेशों पर सम्पूर्ण ज्ञेय झलकते हैं।
८८. लिफ़्ट के दर्पण में देखकर उपर भी जा सकते है और नीचे भी जा सकते है।	ज्ञान दर्पण में देखकर सिर्फ ऊर्ध्व गमन ही होता है।
८९. शरीर शिथिल हो तो भी दर्पण में देखा जा सकता है।	शरीर शिथिल हो तो भी ज्ञान दर्पण में देखा जा सकता है।
९०. एम्ब्युलेंस पर उलटे अक्षर लिखे जाते है, जिससे दर्पण में सीधे प्रतिबिम्बित हों।	एम्ब्युलेंस पर उलटे अक्षर लिखे जाते है, जिससे दर्पण और ज्ञान दर्पण में सीधे प्रतिबिम्बित हों।
९१. दर्पण अल्पायु होता है।	ज्ञान दर्पण दीर्घायु होता है।
९२. दर्पण लोक का द्रव्य है।	ज्ञान दर्पण लोक का द्रव्य है।
९३. साफ दर्पण मलिन होता है।	मलिन ज्ञान दर्पण साफ होता है।

९४. रोते हुए बच्चे को दर्पण दिखाया और बच्चा रोना बन्द हो गया।	दुःखी अज्ञानियों को ज्ञान दर्पण दिखाया और अज्ञानी का दुःख दूर हो गया।
९५. दर्पण का हीरा होता है।	ज्ञान दर्पण स्वयं चैतन्य हीरा है।
९६. सम्राट भी दर्पण में देखते हैं।	सम्राट भी ज्ञान दर्पण में देखते हैं।
९७. दर्पण पदार्थ भी है और तत्त्व भी है।	ज्ञान दर्पण पदार्थ भी है और तत्त्व भी है।
९८. अमल दर्पण में पदार्थ प्रतिबिम्बित होते हैं।	अमल ज्ञान दर्पण में ज्ञेय प्रतिबिम्बित होते हैं।
९९. अचल दर्पण में पदार्थ प्रतिबिम्बित होते हैं।	अचल ज्ञान दर्पण में ज्ञेय प्रतिबिम्बित होते हैं।
१००. सर्व दर्पण अपने–अपने में स्थित होते हैं।	सर्व ज्ञान दर्पण अपने–अपने में स्थित होते हैं।
१०१. दर्पण में अस्तित्व गुण है।	ज्ञान दर्पण में अस्तित्व गुण है।
१०२. दर्पण में वस्तुत्व गुण है।	ज्ञान दर्पण में वस्तुत्व गुण है।
१०३. दर्पण में द्रव्यत्व गुण है।	ज्ञान दर्पण में द्रव्यत्व गुण है।
१०४. दर्पण में प्रमेयत्व गुण है।	ज्ञान दर्पण में प्रमेयत्व गुण है।
१०५. दर्पण में अगुरुलघुत्व गुण है।	ज्ञान दर्पण में अगुरुलघुत्व गुण है।
१०६. दर्पण में प्रदेशत्व गुण है।	ज्ञान दर्पण में प्रदेशत्व गुण है।
१०७. दर्पण में क्रियावती गुण है।	ज्ञान दर्पण में क्रियावती गुण है।
१०८. दर्पण में भाववती शक्ति है।	ज्ञान दर्पण में भाववती शक्ति है।
१०९. दर्पण में वैभाविक गुण है।	ज्ञान दर्पण में वैभाविक गुण है।
११०. दो दर्पण के बीच अकर्तावाद के सिद्धांत की वज्र की दीवार है।	दो ज्ञान दर्पण के बीच अकर्तावाद के सिद्धांत की वज्र की दीवार है।
१११. दर्पण में रत्न प्रतिबिम्बित होते हैं।	ज्ञान दर्पण में रत्नत्रय प्रतिबिम्बित होते हैं।

११२. दर्पण की किताब को पढ़ते ही मत रहना, दर्पण को भी देखना।	ज्ञान दर्पण सहस्त्री को पढ़ते ही मत रहना, ज्ञान दर्पण को भी देखना।
११३. दर्पण में वर्तमान काल के पदार्थ ही झलक सकते हैं।	ज्ञान दर्पण में एक समय में त्रिकालवर्ती ज्ञेयों के झलकने का सामर्थ्य हैं।
११४. दर्पण में तो वही मूर्तिक पदार्थ झलकते हैं, जो उसके सामने आते हैं।	ज्ञान दर्पण में तो समीपवर्ती, दूरवर्ती, भूतकालीन, वर्तमान एवं भावी, सूक्ष्म और स्थूल सभी पदार्थ एकसाथ एक जैसे स्पष्ट झलक जाते हैं।
११५. दर्पण में तो समीपवर्ती पदार्थ स्पष्ट और दूरवर्ती पदार्थ अस्पष्ट झलकते हैं।	ज्ञान दर्पण में तो समीपवर्ती– दूरवर्ती, स्थूल – सूक्ष्म, भूतकालीन एवं भावी सभी पदार्थ वर्तमानवत् ही स्पष्ट प्रतिभासित होते हैं।
११६. अज्ञानी को दर्पण सौंदर्यवान दिखता है।	ज्ञानी को ज्ञान दर्पण सौंदर्यवान दिखता है।
११७. दर्पण पिंड है।	ज्ञान दर्पण घनपिंड है।
११८. दर्पण में अनंत गुण हैं।	ज्ञान दर्पण में अनंत गुण हैं।
११९. दर्पण में अनंतानंत पर्यायें हैं।	ज्ञान दर्पण में अनंतानंत पर्यायें हैं।
१२०. दर्पण का अवग्रह ज्ञान होता है।	ज्ञान दर्पण का अवग्रह ज्ञान होता है।
१२१. दर्पण का इहा ज्ञान होता है।	ज्ञान दर्पण का इहा ज्ञान होता है।
१२२. दर्पण का अवाय ज्ञान होता है।	ज्ञान दर्पण का अवाय ज्ञान होता है।
१२३. दर्पण का धारणा ज्ञान होता है।	ज्ञान दर्पण का धारणा ज्ञान होता है।

१२४. दर्पण किसी के लिये उपकारी हो सकता है।	ज्ञान दर्पण ज्ञान दीपक के लिये परम उपकारी है।
१२५. दर्पण अस्तिकाय है।	ज्ञान दर्पण अस्तिकाय है।
१२६. किसी भी आकार के दर्पण में किसी भी आकार के दर्पण का प्रतिबिम्ब पड़ सकता है।	किसी भी आकार के ज्ञान दर्पण में किसी भी आकार के ज्ञान दर्पण का प्रतिबिम्ब पड़ सकता है।
१२७. दर्पण अनंत शक्तिशाली है।	ज्ञान दर्पण अनंत शक्तिशाली है।
१२८. दर्पण का स्वरूप न समझने पर कमरे के सम्बन्ध में भ्रम पैदा हो सकता है।	ज्ञान दर्पण का स्वरूप न समझने पर लोक के सम्बन्ध में भ्रम पैदा हो सकता है।
१२९. रेलगाड़ी में दर्पण यात्रा करता है।	देह में ज्ञान दर्पण यात्रा करता है।
१३०. दर्पण को प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री पद से क्या लेना – देना?	ज्ञान दर्पण को प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री पद से क्या लेना – देना?
१३१. दर्पण को छूने पर प्रतिबिम्बित पदार्थों को नहीं, बल्कि दर्पण को ही छूते हैं।	ज्ञान दर्पण का अनुभव करने पर प्रतिबिम्बित ज्ञेयों को नहीं, बल्कि ज्ञान दर्पण को ही अनुभव करते हैं।
१३२. दर्पण को भाव भाये बिना ही धूल चिपकती है।	ज्ञान दर्पण पर रागादि भाव भाने पर कर्मों की धूल चिपकती है।
१३३. दर्पण की गति में धर्मास्तिकाय द्रव्य निमित्त बनता है।	ज्ञान दर्पण की गति में धर्मास्तिकाय द्रव्य निमित्त बनता है।
१३४. दर्पण की स्थिति में अधर्मास्तिकाय द्रव्य निमित्त बनता है।	ज्ञान दर्पण की स्थिति में अधर्मास्तिकाय द्रव्य निमित्त बनता है।

१३५. दर्पण के अवगाहन में आकाश द्रव्य निमित्त बनता है।	ज्ञान दर्पण के अवगाहन में आकाश द्रव्य निमित्त बनता है।
१३६. दर्पण के परिणमन में काल द्रव्य निमित्त बनता है।	ज्ञान दर्पण के परिणमन में काल द्रव्य निमित्त बनता है।
१३७. दर्पण के लक्ष्य से विकल्प में वृद्धि होती है।	ज्ञान दर्पण के लक्ष्य से विकल्प में हानि होती है।
१३८. दर्पण अनेकांत स्वरूपी है।	ज्ञान दर्पण अनेकांत स्वरूपी है।
१३९. दर्पण तो दर्पण ही है, फिक्र वे करें जिनकी शक्लों में कुछ और दिल में कुछ और है।	ज्ञान दर्पण तो ज्ञान दर्पण ही है, फिक्र वे करें जिनकी क्रिया में कुछ और अभिप्राय में कुछ और है।
१४०. विष्टा में भी दर्पण की स्वच्छता का बोध हो सकता है।	विष्टा में भी ज्ञान दर्पण की स्वच्छता का बोध हो सकता है।
१४१. दर्पण (आई) ना है।	ज्ञान दर्पण (आई) हूँ।
१४२. दर्पण में चाँद प्रतिबिम्बित होता है, परन्तु दर्पण से चाँद अतिदूर है।	गुरु के ज्ञान दर्पण में शिष्य के ज्ञान दीपक प्रतिबिम्बित होते हैं, परन्तु ज्ञान दर्पण से ज्ञान दीपक अतिदूर हैं।
१४३. दर्पण में १४२ प्रज्वलित दीपक प्रकाशित होते हैं, परन्तु दर्पण निर्विकल्प है।	ज्ञान दर्पण में १४२ प्रज्वलित ज्ञान दीपक प्रकाशित होते हैं, परन्तु ज्ञान दर्पण निर्विकल्प है।
१४४. समतल दर्पण भी दर्पण ही है।	समश्रेणी में विराजमान सिद्धों का ज्ञान दर्पण भी ज्ञान दर्पण ही है।
१४५. उत्तल दर्पण भी दर्पण ही है।	उर्ध्वलोक में विराजमान सिद्धों का ज्ञान दर्पण भी ज्ञान दर्पण ही है।
१४६. अपनी छवि देखने के लिये प्रायः समतल दर्पण का उपयोग होता है।	आत्मा का स्वरूप देखने के लिये निर्विकल्प ज्ञान दर्पण का उपयोग होता है।

१४७. प्रकाश को एक बिन्दु पर केन्द्रित करने के लिये दर्पण का उपयोग होता है।

१४८. कुछ लोग दर्पण की बजाय दर्पण की फ्रेम से अधिक प्रभावित हो जाते हैं।

१४९. प्रज्वलित दीपक की ज्योति से दर्पण प्रकाशित होता है।

१५०. दर्पण की सिद्धि अनात्मसिद्धि है।

१५१. दर्पण इन्द्रिय–गोचर है।

१५२. दर्पण को समझाने वाले कृपालु हैं।

१५३. अनंत गुणाधिपति दर्पण की स्वच्छता को मुख्य करके दर्पण का स्वरूप समझाया जाता है।

१५४. अनंत गुणाधिपति दर्पण की स्वच्छता को मुख्य करके दर्पण का स्वरूप समझ में आता है।

१५५. शब्द नय से दर्पण शब्द को दर्पण कहते हैं।

१५६. अर्थ नय से दर्पण पदार्थ को दर्पण कहते हैं।

१५७. ज्ञान नय से दर्पण को जानने वाले ज्ञान को दर्पण कहते हैं।

उपयोग को एक आत्मा पर केन्द्रित करने के लिये ज्ञान दर्पण का उपयोग होता है।

कुछ लोग ज्ञान दर्पण की बजाय ज्ञान दर्पण की कर्मरूपी फ्रेम से अधिक प्रभावित हो जाते हैं।

प्रज्वलित ज्ञान दीपक की ज्योति से ज्ञान दर्पण प्रकाशित होता है।

ज्ञान दर्पण की सिद्धि आत्मसिद्धि है।

ज्ञान दर्पण इन्द्रिय–अगोचर है।

ज्ञान दर्पण को समझाने वाले परम कृपालु हैं।

अनंत गुणाधिपति ज्ञान दर्पण की स्वच्छता को मुख्य करके ज्ञान दर्पण का स्वरूप समझाया जाता है।

अनंत गुणाधिपति ज्ञान दर्पण की स्वच्छता को मुख्य करके ज्ञान दर्पण का स्वरूप समझ में आता है।

शब्द नय से ज्ञान दर्पण शब्द को ज्ञान दर्पण कहते हैं।

अर्थ नय से ज्ञान दर्पण पदार्थ को ज्ञान दर्पण कहते हैं।

ज्ञान नय से ज्ञान दर्पण को जानने वाले ज्ञान को ज्ञान दर्पण कहते हैं।

१५८. दर्पण लौकिक प्रमाण है।	ज्ञान दर्पण अलौकिक प्रमाण है।
१५९. दर्पण में भाषा ही प्रतिबिम्बित हो सकती है।	ज्ञान दर्पण में भाषा सहित भाव भी प्रतिबिम्बित हो सकते हैं।
१६०. दर्पण तो है, परन्तु दर्पण में देखता कौन है?	ज्ञान दर्पण तो है, परन्तु ज्ञान दर्पण में देखता कौन है?
१६१. दर्पण का प्रयोजन होने पर भी कुछ लोग फ्रेम की डिज़ाईन में ही अधिक रुचि लेते हैं।	ज्ञान दर्पण का प्रयोजन होने पर भी कुछ लोग शरीर के रंग–रूप में ही अधिक रुचि लेते हैं।
१६२. दर्पण की स्वच्छता के कारण दर्पण को स्वच्छ कहते हैं।	ज्ञान दर्पण की स्वच्छता के कारण ज्ञान दर्पण को स्वच्छ कहते हैं।
१६३. वर्तमानकालीन दर्पण ही उपयोगी होता है।	पूर्णता को प्राप्त त्रिकालवर्ती समस्त ज्ञान दर्पण उपयोगी होते हैं।
१६४. दर्पण में पदार्थ को मिलाने की चेष्टा व्यर्थ है।	ज्ञान दर्पण में पदार्थ को मिलाने की चेष्टा व्यर्थ है।
१६५. दर्पण में से पदार्थ को बाहर निकालने की चेष्टा व्यर्थ है।	ज्ञान दर्पण में से पदार्थ को बाहर निकालने की चेष्टा व्यर्थ है।
१६६. दर्पण का विकल्प आकुलतामय है।	ज्ञान दर्पण का विकल्प आकुलतामय है।
१६७. दर्पण का विकल्प दुःखमय है।	ज्ञान दर्पण का विकल्प दुःखमय है।
१६८. दर्पण का विकल्प जड़ है।	ज्ञान दर्पण का विकल्प जड़ है।
१६९. दर्पण का विकल्प औदयिकभाव है।	ज्ञान दर्पण का विकल्प औदयिकभाव है।
१७०. दर्पण के विकल्प में एकत्व मिथ्यात्व है।	ज्ञान दर्पण के विकल्प में एकत्व मिथ्यात्व है।

१७१. दर्पण में समयसार शास्त्र प्रतिबिम्बित होता है।	ज्ञान दर्पण में समयसार प्रतिबिम्बित होता है।
१७२. दर्पण में प्रवचनसार शास्त्र प्रतिबिम्बित होता है।	ज्ञान दर्पण में प्रवचनसार प्रतिबिम्बित होता है।
१७३. दर्पण में नियमसार शास्त्र प्रतिबिम्बित होता है।	ज्ञान दर्पण में नियमसार प्रतिबिम्बित होता है।
१७४. दर्पण लिंगग्रहण है।	ज्ञान दर्पण लिंगग्रहण है।
१७५. दर्पण अलिंगग्रहण है।	ज्ञान दर्पण अलिंगग्रहण है।
१७६. दर्पण रहस्यपूर्ण है।	ज्ञान दर्पण रहस्यपूर्ण है।
१७७. दर्पण निरावलंबी है।	ज्ञान दर्पण निरावलंबी है।
१७८. गुफा में दर्पण की स्वच्छता निराली रहती है।	गुफा में ज्ञान दर्पण की स्वच्छता निराली रहती है।
१७९. दर्पण को देखकर आदमी स्वयं को जानता है।	ज्ञान दर्पण को देखकर आत्मा स्वयं को जानता है।
१८०. विज्ञान ने दर्पण को खोजा।	भेदविज्ञान ने ज्ञान दर्पण को खोजा।
१८१. दर्पण देखकर तसल्ली हुई, हमको इस घर में जानता है कोई।	ज्ञान दर्पण देखकर तसल्ली हुई, स्वरूप को इस लोक में जानता है कोई।
१८२. दर्पण का दीवाना मनुष्य घर में लगता है, वास्तव में घर में नहीं, दर्पण में होता है।	ज्ञान दर्पण के दीवाने मुनि गुफा में लगते हैं, वास्तव में गुफा में नहीं, ज्ञान दर्पण में होते हैं।
१८३. ज्ञानियों को तो दर्पण में एक सफेद बाल देखकर वैराग्य प्रकट होता है।	ज्ञानियों को तो ज्ञान दर्पण में एक निर्मल चैतन्य तत्त्व देखकर वैराग्य प्रकट होता है।
१८४. मक्खी को दर्पण पर बैठना, अच्छा लगता है।	मुनि को ज्ञान दर्पण पर विराजमान होना, अच्छा लगता है।

१८५. मुनि दर्पण का ध्यान करें, तो वन में रहकर भी भीड़ में हैं।	गृहस्थ ज्ञान दर्पण का ध्यान करें, तो भीड़ में रहकर भी वन (एक) में हैं।
१८६. तथाकथित त्यागी दर्पण को देखकर चेहरे पर राख लगाते हैं।	वीतरागी संत ज्ञान दर्पण में देह को ही राख की दीवार के रूप में देखते हैं।
१८७. रमणी का वरण करने से पहले, दर्पण में चेहरा देखकर रमणी–वरण की यात्रा के लिये निकलते हैं।	शिवरमणी (मोक्ष) का वरण करने से पहले, ज्ञानी ज्ञान दर्पण में चैतन्य स्वरूप देखकर शिवरमणी–वरण की यात्रा के लिये निकलते हैं।
१८८. धूप के प्रतिबिम्ब से दर्पण निर्विकल्प रहता है।	धूप के प्रतिबिम्ब से ज्ञान दर्पण निर्विकल्प रहता है।
१८९. छांव के प्रतिबिम्ब से दर्पण निर्विकल्प रहता है।	छांव के प्रतिबिम्ब से ज्ञान दर्पण निर्विकल्प रहता है।
१९०. बाल कटने की क्रिया दर्पण में झलकती है।	केश लोंच की क्रिया ज्ञान दर्पण में झलकती है।
१९१. भवन में दर्पण में चमड़े का दर्शन हुआ।	वन में ज्ञान दर्पण में चैतन्य का दर्शन हुआ।
१९२. लोक में कहते हैं कि दर्पण को देखोगे तो धन प्राप्त होगा।	ज्ञानी कहते हैं कि ज्ञान दर्पण को देखोगे तो धन आदि परिग्रह छूट जायेगा और आत्मिक धन उपलब्ध होगा।
१९३. दर्पण निर्ग्रंथ होता है।	ज्ञान दर्पण निर्ग्रंथ होता है।
१९४. दर्पण स्वतंत्र है।	ज्ञान दर्पण स्वतंत्र है।
१९५. दर्पण स्वाधीन है।	ज्ञान दर्पण स्वाधीन है।
१९६. दर्पण सहज है।	ज्ञान दर्पण सहज है।
१९७. दर्पण शत्रु नहीं है, दर्पण की गैरसमझ शत्रुता खड़ी करती है।	ज्ञान दर्पण शत्रु नहीं है, ज्ञान दर्पण की गैरसमझ शत्रुता खड़ी करती है।

१९८. दर्पण निष्क्रिय रहकर भी सक्रिय रहता है।	ज्ञान दर्पण निष्क्रिय रहकर भी सक्रिय रहता है।
१९९. दर्पण अनेक प्रकार के होते हैं।	ज्ञान दर्पण अनेक प्रकार के होते हैं।
२००. दर्पण द्रव्य भी है, पर्याय भी है।	ज्ञान दर्पण द्रव्य भी है, पर्याय भी है।
२०१. दर्पण की अर्थ पर्याय होती है।	ज्ञान दर्पण की अर्थ पर्याय होती है।
२०२. दर्पण की व्यंजन पर्याय होती है।	ज्ञान दर्पण की व्यंजन पर्याय होती है।
२०३. दर्पण की अवस्था दर्पण से कथंचित् भिन्न है।	ज्ञान दर्पण की अवस्था ज्ञान दर्पण से कथंचित् भिन्न है।
२०४. दर्पण की अवस्था दर्पण से कथंचित् अभिन्न है।	ज्ञान दर्पण की अवस्था ज्ञान दर्पण से कथंचित् अभिन्न है।
२०५. दर्पण की अवस्था एक समय की होती है।	ज्ञान दर्पण की अवस्था एक समय की होती है।
२०६. दर्पण में जिस समय पूर्व अवस्था का व्यय होता है, उसी समय नवीन अवस्था का उत्पाद होता है।	ज्ञान दर्पण में जिस समय पूर्व अवस्था का व्यय होता है, उसी समय नवीन अवस्था का उत्पाद होता है।
२०७. दर्पण की अवस्था स्वयं की तत्समय की योग्यता के कारण होती है।	ज्ञान दर्पण की अवस्था स्वयं की तत्समय की योग्यता के कारण होती है।
२०८. दर्पण की अवस्था का जन्म होता है।	ज्ञान दर्पण की अवस्था का जन्म होता है।
२०९. दर्पण की अवस्था की मृत्यु होती है।	ज्ञान दर्पण की अवस्था की मृत्यु होती है।
२१०. जिस दर्पण पर धूल लगी हो, वह दर्पण धूल से भिन्न है।	जिस ज्ञान दर्पण पर रागादि भावों की धूल लगी हो, वह ज्ञान दर्पण रागादि भावों से भिन्न है।

२११. किसी भी दिशा पर रूपी दर्पण का मुख होने पर भी दर्पण स्वयं की सत्ता में ही स्थित है।	आकाश के किसी भी प्रदेश पर रहकर भी ज्ञान दर्पण स्वयं की सत्ता में ही स्थित है।
२१२. शरीर की सत्ता का बोध कराने में दर्पण महान साधन है।	भगवान आत्मा की सत्ता का बोध कराने में ज्ञान दर्पण महान साधन है।
२१३. दर्पण की ओर न देखो, तो दर्पण नाराज होता है क्या?	ज्ञान दर्पण की ओर न देखो, तो ज्ञान दर्पण नाराज होता है क्या?
२१४. राज महल की दीवार हो तो भी, दर्पण को क्या?	राज की राख की दीवार हो तो भी, ज्ञान दर्पण को क्या?
२१५. रूपी दर्पण का आधार दीवार होने पर भी रूपी दर्पण स्वयं के अस्तित्व के बल पर टिका है।	ज्ञान दर्पण का आधार राख की दीवार होने पर भी ज्ञान दर्पण स्वयं के अस्तित्व के बल पर टिका है।
२१६. प्रतिसमय परिणमित होकर भी दर्पण का स्वच्छ स्वभाव सदैव कायम रहता है।	प्रतिसमय परिणमित होकर भी ज्ञान दर्पण का स्वच्छ स्वभाव सदैव कायम रहता है।
२१७. व्यवहार से गुरु के मुख रूपी दर्पण में परमात्मा के दर्शन होते हैं।	निश्चय से ज्ञान दर्पण में परमात्मा के दर्शन होते हैं।
२१८. घर में बसकर दर्पण को बसाओ।	ज्ञान दर्पण में बसकर मोक्षमहल को बसाओ।
२१९. दर्पण मन से पार है।	ज्ञान दर्पण मन से पार है।
२२०. दर्पण मनुष्य के मन की उपज है।	ज्ञान दर्पण मानव और मन से पार अज है।
२२१. दूसरों पर आरोप लगाने से पहले अपना चेहरा दर्पण में देख लेना चाहिए।	परद्रव्यों को दोषी ठहराने से पहले ज्ञान दर्पण में स्वयं को जान लेना चाहिए।

२२२. उठने के बाद अज्ञानी दर्पण को देखते हैं।	ज्ञान दर्पण को देखकर ज्ञानी सदैव जागते हैं।
२२३. दर्पण निरपराधी है।	ज्ञान दर्पण निरपराधी है।
२२४. दर्पण श्रेष्ठ वक्ता है।	ज्ञान दर्पण स्पष्ट ज्ञाता है।
२२५. दर्पण में क्रिया होती है।	ज्ञान दर्पण में क्रिया होती है।
२२६. दर्पण में वक्रता केन्द्र होता है।	ज्ञान दर्पण वक्रता केन्द्र से पार है।
२२७. दर्पण में वक्रता त्रिज्या होती है।	ज्ञान दर्पण वक्रता त्रिज्या से पार है।
२२८. दर्पण में मुख्य अक्ष होता है।	ज्ञान दर्पण मुख्य अक्ष से पार है।
२२९. दर्पण में फोकस होता है।	ज्ञान दर्पण फोकस से पार है।
२३०. दर्पण में द्वारक होता है।	ज्ञान दर्पण द्वारक से पार है।
२३१. सम्पूर्ण दर्पण में नहीं, बल्कि एक समय की अवस्था में पदार्थ प्रतिबिम्बित होते हैं।	सम्पूर्ण ज्ञान दर्पण में नहीं, बल्कि एक समय की अवस्था में ज्ञेय प्रतिबिम्बित होते हैं।
२३२. दर्पण की उपासना निराली है।	ज्ञान दर्पण की उपासना निराली है।
२३३. दर्पण की अवस्थायें क्रम नियमित होती हैं।	ज्ञान दर्पण की अवस्थायें क्रम नियमित होती हैं।
२३४. एक दर्पण का दूसरे दर्पण में अन्योन्याभाव है।	एक ज्ञान दर्पण का दूसरे ज्ञान दर्पण में अत्यंताभाव है।
२३५. स्वयं को दर्पण में देखने से पर दोषारोपण की वृत्ति छूट जाती है।	स्वयं को ज्ञान दर्पण में देखने से पर दोषारोपण की वृत्ति छूट जाती है।
२३६. दूसरे पर उंगली उठाने से पहले खुद को दर्पण में देख लेना चाहिए।	दूसरे को समझाने से पहले स्वयं को ज्ञान दर्पण में देख लेना चाहिए।
२३७. योग्यता हो तो धन खर्च किये बिना भी दर्पण में पदार्थ का प्रतिबिम्ब पड़ सकता है।	योग्यता हो तो धन खर्च किये बिना भी ज्ञान दर्पण में पदार्थ का प्रतिबिम्ब पड़ सकता है।

२३८. अज्ञानी को दर्पण में राख की दीवार दिखते ही यह विचार नहीं करना पड़ता कि यही मैं हूँ।	ज्ञानी को ज्ञान दर्पण में शुद्धात्मा दिखते ही यह विचार नहीं करना पड़ता कि यही मैं हूँ।
२३९. दर्पण की प्राप्ति कर्मोदय के निमित्त से होती है।	ज्ञान दर्पण की अनुभूति स्वयं के पुरुषार्थ से होती है।
२४०. रागी देवी–देवता के दर्शन करने से दर्पण में देख लेना बेहतर है।	वीतरागी देव के दर्शन करने से ज्ञान दर्पण में देखना बेहतर है।
२४१. दर्पण कथंचित् वचनगोचर है।	ज्ञान दर्पण कथंचित् वचनगोचर है।
२४२. दर्पण कथंचित् वचन अगोचर है।	ज्ञान दर्पण कथंचित् वचन अगोचर है।
२४३. दर्पण को देखकर प्रेमी प्रेमपत्र लिखते हैं।	ज्ञान दर्पण को देखकर ज्ञानी शास्त्र लिखते हैं।
२४४. दर्पण को सत्युग से क्या लेना–देना?	ज्ञान दर्पण को सत्युग से क्या लेना–देना?
२४५. दर्पण को कलियुग से क्या लेना–देना?	ज्ञान दर्पण को कलियुग से क्या लेना–देना?
२४६. दर्पण और दीपक की जाति एक है।	ज्ञान दर्पण और ज्ञान दीपक की जाति एक है।
२४७. व्यवहार से देवद्रव्य दर्पण में प्रतिबिम्बित होता है।	निश्चय से देवद्रव्य ज्ञान दर्पण में प्रतिबिम्बित होता है।
२४८. दर्पण को जाना हो, तो दर्पण का ध्यान हो सकता है।	ज्ञान दर्पण को जाना हो, तो ज्ञान दर्पण का ध्यान हो सकता है।
२४९. दर्पण से बनी भगवान की मूर्ति जड़मूर्ति होती है।	ज्ञान दर्पण स्वरूप भगवान आत्मा स्वयं चैतन्यमूर्ति है।
२५०. दर्पण कामवेग से न्यारा है।	ज्ञान दर्पण कामवेग से न्यारा है।

२५१. दर्पण में देखने पर तुलनात्मक विकल्पों की परम्परा प्रारम्भ हो जाती है।	ज्ञान दर्पण में देखने पर समस्त विकल्पों की परम्परा रुक जाती है।
२५२. दर्पण पर का विज्ञान है।	ज्ञान दर्पण परम विज्ञान है।
२५३. दर्पण में लीन होकर मृत्यु की यात्रा करते हैं।	ज्ञान दर्पण में लीन होकर अमर पद की यात्रा करते हैं।
२५४. डायोजनिस ने सिकंदर को दर्पण दिया।	ज्ञानियों ने अज्ञानियों को ज्ञान दर्पण समझाया।
२५५. दर्पण का छोटा–सा टुकड़ा भी दर्पण ही है और स्वच्छ है।	ज्ञान दर्पण का एक प्रदेश भी ज्ञान दर्पण ही है और स्वच्छ है।
२५६. दर्पण पर खून के दाग लगे हों, तो उसे दूर कर देते हैं।	ज्ञान दर्पण को खून भरे मलिन देह से मुक्त कर देना चाहिए।
२५७. दर्पण में सूर्य प्रतिबिम्बित होता है।	ज्ञान दर्पण में असु प्रतिबिम्बित होता है।
२५८. दर्पण में एकत्व करने से मिथ्यात्व का पोषण होता है।	ज्ञान दर्पण में एकत्व करने से सम्यक्त्व प्रकट होता है।
२५९. दर्पण में एकत्व करने से अहंबुद्धि होती है।	ज्ञान दर्पण में एकत्व करने से अहंबुद्धि दूर होती है।
२६०. बिजली गिरने पर दर्पण नष्ट हो सकता है।	बिजली गिरने पर भी ज्ञान दर्पण अविनाशी रहता है।
२६१. भूकंप में भी दर्पण अलिप्त है।	भूकंप में भी ज्ञान दर्पण अलिप्त है।
२६२. सुनामी में भी दर्पण अलिप्त है।	सुनामी में भी ज्ञान दर्पण अलिप्त है।
२६३. मिट्टी में भी दर्पण तो दर्पण ही है।	देहरूपी मिट्टी में भी ज्ञान दर्पण तो ज्ञान दर्पण ही है।
२६४. विस्फोटक ध्वनि से दर्पण टूट सकता है।	विस्फोटक ध्वनि से ज्ञान दर्पण अटूट रहता है।

२६५. सागर में गिरे हुए दर्पण में सागर प्रतिबिम्बित होता है।

संसार सागर में गिरे हुए ज्ञान दर्पण में संसार सागर प्रतिबिम्बित होता है।

२६६. अत्यंत निकट रहने वाले दर्पण विपरीत दिशा में हों, तो अलग–अलग पदार्थ प्रतिबिम्बित होते हैं।

अत्यंत निकट रहने वाले ज्ञान दर्पण विपरीत दिशा में हों, तो अलग–अलग ज्ञेय प्रतिबिम्बित होते हैं।

२६७. बिना दर्पण का व्यक्ति, दर्पण के बिना भी अपना कार्य कर लेता है।

बिना ज्ञान दर्पण का देह, ज्ञान दर्पण के बिना भी अपना कार्य कर लेता है।

२६८. अज्ञानी को दर्पण में मुख दिखता है।

ज्ञानी को ज्ञान दर्पण में सुख दिखता है।

२६९. दर्पण अनासक्त होता है।

ज्ञान दर्पण अनासक्त होता है।

२७०. दर्पण अनाकुल है।

ज्ञान दर्पण अनाकुल है।

२७१. दर्पण की आदि है।

ज्ञान दर्पण अनादि है।

२७२. दर्पण का अंत है।

ज्ञान दर्पण अनंत है।

२७३. रूपी दर्पण की स्वच्छता ही स्व–पर के आकार का प्रतिभास करने वाली है और उष्णता तथा ज्वाला अग्नि की है।

अरूपी ज्ञान दर्पण की अपने को और पर को जानने वाली ज्ञातृता ही है और कर्म तथा नोकर्म पुद्गल के हैं।

२७४. दर्पण प्रतिबिम्बित पदार्थों से निर्लेप रहता है।

ज्ञान दर्पण प्रतिबिम्बित ज्ञेयों से निर्लेप रहता है।

२७५. इच्छा के बिना दर्पण का गमनागमन होता है।

इच्छा के बिना ज्ञान दर्पण का गमनागमन होता है।

२७६. दर्पण में लोक के पुद्गल ही प्रतिबिम्बित होते हैं।

केवल ज्ञान दर्पण में लोकालोक के ज्ञेय प्रतिबिम्बित होते हैं।

२७७. दर्पण का दृष्टांत समझाने के लिये है।

ज्ञान दर्पण का स्वरूप समझने के लिये है।

२७८. कलश पर दर्पण शोभायमान होते हैं।

ज्ञान दर्पण स्वसुशोभित अमृत कलश है।

अस्ति-नास्ति अधिकार

२७९. दर्पण की परछांह होती है।	ज्ञान दर्पण की परछांह नहीं होती।
२८०. तिथि–दर्पण होता है।	ज्ञान दर्पण की कोई तिथि नहीं होती।
२८१. दर्पण की जन्मभूमि होती है।	ज्ञानदर्पण की जन्मभूमि नहीं होती।
२८२. दीवार पर दर्पण को टांगने के लिये कील या किसी साधन की आवश्यकता होती है।	राख की दीवार पर ज्ञान दर्पण को टांगने के लिये कील या किसी साधन की आवश्यकता नहीं होती है।
२८३. दर्पण जर्जरित होता है।	ज्ञान दर्पण जर्जरित नहीं होता है।
२८४. अज्ञानी चिंतित हैं, क्योंकि दर्पण पर लगे दाग को निकालने से दर्पण टूट सकता है।	ज्ञानी निश्चिंत हैं, क्योंकि ज्ञान दर्पण पर लगे दाग को निकालने से ज्ञान दर्पण कदापि टूट नहीं सकता।
२८५. दर्पण जमीन को छूता है।	ज्ञान दर्पण जमीन को छूता नहीं है।
२८६. दर्पण आसमान को छूता है।	ज्ञान दर्पण आसमान को छूता नहीं है।
२८७. दर्पण के आंशिक प्रदेश स्वच्छ हो सकते हैं।	ज्ञान दर्पण के आंशिक प्रदेश स्वच्छ नहीं हो सकते हैं।
२८८. दर्पण के आंशिक प्रदेश मलिन हो सकते हैं।	ज्ञान दर्पण के आंशिक प्रदेश मलिन नहीं हो सकते हैं।
२८९. मक्खी को दर्पण की स्पर्शना में रुचि है।	मिथ्यादृष्टी को ज्ञान दर्पण की स्पर्शना में रुचि नहीं है।

२९०. दर्पण साफ होने के बाद भी गंदा हो सकता है।	ज्ञान दर्पण निर्मल होने के बाद कदापि मलिन नहीं हो सकता।
२९१. दर्पण आता है।	ज्ञान दर्पण आता नहीं है।
२९२. दर्पण जाता है।	ज्ञान दर्पण जाता नहीं है।
२९३. दर्पण की यात्रा से जीवों की हिंसा होती है।	ज्ञान दर्पण की यात्रा से जीवों की हिंसा नहीं होती है।
२९४. दर्पण वैकल्पिक है।	ज्ञान दर्पण वैकल्पिक नहीं है।
२९५. दर्पण को चिपकाने का गोंद होता है।	ज्ञान दर्पण कदापि कटता नहीं, अतः चिपकाने का प्रश्न ही नहीं उठता।
२९६. दर्पण में लीन होने से ऊब पैदा हो सकती है।	ज्ञान दर्पण में लीन होने से कभी ऊब पैदा नहीं हो सकती।
२९७. दर्पण को यंत्र द्वारा स्केन किया जा सकता है।	ज्ञान दर्पण को यंत्र द्वारा स्केन नहीं किया जा सकता।
२९८. दर्पण में खालीपन है।	ज्ञान दर्पण में खालीपन नहीं है।
२९९. एक दर्पण में से अनेक दर्पण हो सकते हैं।	एक ज्ञान दर्पण में से अनेक ज्ञान दर्पण नहीं हो सकते।
३००. दर्पण को काटकर आधा करके उपयोग कर सकते हैं।	ज्ञान दर्पण को काटकर आधा करके उपयोग करने की बात तो दूर, काट ही नहीं सकते।
३०१. दर्पण पूर्व दिशा में हो सकता है।	ज्ञान दर्पण की पूर्व दिशा नहीं होती।
३०२. दर्पण पश्चिम दिशा में हो सकता है।	ज्ञान दर्पण की पश्चिम दिशा नहीं होती।
३०३. दर्पण उत्तर दिशा में हो सकता है।	ज्ञान दर्पण की उत्तर दिशा नहीं होती।
३०४. दर्पण दक्षिण दिशा में हो सकता है।	ज्ञान दर्पण की दक्षिण दिशा नहीं होती।

३०५. दर्पण आग्नेय दिशा में हो सकता है।	ज्ञान दर्पण की आग्नेय दिशा नहीं होती।
३०६. दर्पण नैऋत्य दिशा में हो सकता है।	ज्ञान दर्पण की नैऋत्य दिशा नहीं होती।
३०७. दर्पण वायव्य दिशा में हो सकता है।	ज्ञान दर्पण की वायव्य दिशा नहीं होती।
३०८. दर्पण ईशान दिशा में हो सकता है।	ज्ञान दर्पण की ईशान दिशा नहीं होती।
